सेमेस्टर परीक्षा में नकल करते छह छात्र पकड़े

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो ओंकार सिंह व विवि के उड़नदस्ते ने हरिद्वार जनपद के तीन संबद्ध स्ववित्तपोषित कालेजों का औचक निरीक्षण किया। जहां सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छह छात्रों को नकल करते रंगेहाथ पकड़ा। तीनों कालेज रुड़की क्षेत्र के हैं। कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने मौके पर ही अधिकारियों को यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग तिथिवार विवि को भेजने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने उड़नदस्ते के साथ रुड़की स्थित बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में सुबह की पाली में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। जहां दो कक्ष में तीन छात्र नकल करते पकड़े गए। इसके बाद टीम समीप के अरिहंत ला कालेज गई, यहां विधि की परीक्षा चल रही थी। मौके से एक छात्र को नकल करते पकड़ा। इसके बाद आरसीपी फार्मेसी कालेज में प्रथम पाली में एक छात्र, दूसरी पाली में एक और छात्र को नकल करते पकड़ा।(जासं)